जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 04.05.2016

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2016–17/68)**

## रणथम्भौर एक्सप्रेस का कुचामन सिटी स्टेशन पर ठहराव

## 18 मई से होगा ठहराव

रेलवे प्रशासन द्वारा लोगों की मांग को देखते हुए जोधपुर–इन्दौर–जोधपुर रणथम्भौर एक्सप्रेस का कुचामन सिटी स्टेशन पर ठहराव दिया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी श्री कमल जोशी के अनुसार गाडी संख्या 12466, जोधपुर–इन्दौर रणथम्भौर एक्सप्रेस दिनांक 18.05.16 से कुचामन सिटी स्टेशन पर प्रातः 09.17 बजे आगमन एवं 09.18 बजे प्रस्थान करेगी एवं गाडी संख्या 12465, इन्दौर–जोधपुर रणथम्भौर एक्सप्रेस दिनांक 18.05.16 से कुचामन सिटी स्टेशन पर सायं 06.33 बजे आगमन एवं 06.34 बजे प्रस्थान करेगी।

***नोटः– यह ठहराव दिनांक 18.05.16 से प्रायौगिक तौर पर छः माह के लिए प्रारम्भ किया जा रहा है, जिसे समीक्षा पश्चात् बढाया भी जा सकता है।***

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**

**नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक पेज www.facebook.com/northwesternrailway पर भी अवलोकन कर सकते है।**